सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 18 | अजमेर, मंगलवार 10 मार्च 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार जीता टी-20 विश्वकप का खिताब

अहमदाबाद। संजू सैमसन (89), इशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों के बाद जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) और अक्षर पटेल (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत लगातार दूसरी बार टी-20 विश्वकप खिताब जीतने वाली टीम बन गई है।मैच में 15 रन देकर चार विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। वहीं टूनार्मेंट में संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट से नवाजा गया। इस जीत के साथ ही सूर्यकुमार यादव का नाम भी विश्वकप विजेता कप्तानों की सूची में शामिल हो गया है।

256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड पर शुरू से ही बड़े स्कोर का दबाव दिखाई देने लगा। तीसरे ओवर में अक्षर पटेल ने फिन ऐलन (नौ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने रचिन रवींद्र (एक) का शिकार कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। पांचवें ओवर में अक्षर ने ग्लेन फिलिप्स (पांच) को बोल्ड कर दिया। आठवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने मार्क चैपमैन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।इस दौरान एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे टिम



साइफर्ट को वरूण चक्रवर्ती ने आउट कर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। टिम साइफर्ट ने 26 गेंदों दो चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 52 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में अक्षर पटेल ने डैरिल मिचेल (17) को आउट कर अपना तीसरा विकेट झटका। डैरिल मिचेल ने अपनी पारी में 11 गेंदों का सामना किया और दो छक्के लगाए।17वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने जिमी निशम (आठ) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी ओवर की अगली गेंद पर बुमराह ने मैट हेनरी (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने मिचेल सैंटनर को बोल्ड कर भारत की झोली में नौवां विकेट डाल दिया। सैंटनर ने 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रन बनाये। 19वें अभिषेक शर्मा ने जैकब डफी (तीन) को आउटकर 159 रन पर न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया। इसी साथ भारत ने 96 रनों से मुकाबला और टॉफी अपने नाम कर ली। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए। अक्षर पटेल को तीन विकेट मिले। वरुण चकव्रर्ती, हार्दिक पंड्या और अभिषेक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इस मैच में चार विकेट लेने के साथ जसप्रीत बुमराह टी-20 विश्वकप में सबसे अधिक 40 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए है।इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत के लिए अभिषेक शर्मा और संजूसैम तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 7.1 ओवर में 98 रन ठोक डाले। आठवें ओवर की पहली गेंद पर रचिन रवींद्र ने अभिषेक शर्मा को विकेट के पीछे कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 52 रन बनाए।इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन संजूसैमन के साथ दूसरे विकेट लिये 105 रनों की साझेदारी की। जिमी नीशम ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर संजू सैमसन को बाउंड्री पर कैच आउट करा दिया। संजूसैमन ने 46 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए 89 रनों पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर इशान किशन और आखिरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को आउट कर न्यूजीलैंड की मैच में वापसी कराई। इशान किशन ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली19वें ओवर में मैट हेनरी ने हार्दिक पंड्या को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। हार्दिक पंड्या ने 13 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए 18 रन बनाये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 255 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर कर रहे जिमी नीशम के ओवर में 24 रन ठोक कर भारत का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। शिवम दुबे ने आठ गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रनों की तूफानी पारी खेली। तिलक वर्मा आठ रन बनाकर नाबाद रहे।भारत दुनिया की पहली टीम है, जिसके नाम दो टी-20 मैचों में लगातार 250 से अधिक का स्कोर है। टी-20 मैचों में भी केवल सनराइजर्स हैदराबाद ऐसा कर चुकी है। यह टी-20 विश्व कप फाइनल में भी सर्वाधिक स्कोर है। इस मामले में भारत ने पिछले विश्व कप में बनाए गए अपने ही 176 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ा। न्यूजीलैंड के लिए जिमी नीशम ने तीन विकेट लिए। रचिन रवींद्र और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अजमेर में करोड़ों रुपए के क्रिकेट सट्टे का पदार्फाश

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के गंज थाना क्षेत्र में जिला पुलिस के विशेष दल ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रविवार को भारत-न्यूजीलैंड टी-20 फाइनल मुकाबले के दौरान करोड़ों रुपए के ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का पदार्फाश किया है।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार रात भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 के खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑनलाइन करोड़ों रुपए के अवैध सट्टे लगाए गए। जैसे ही पुलिस को मामले की भनक लगी तो पुलिस के विशेष दल ने पहले तो फर्जी ग्राहक बनकर जाल बिछाया। उसके बाद छापा मारकर मौके से एक महंगा लैपटॉप सहित 10 से अधिक एंड्रॉयड फोन नेटवर्क डिवाइस सहित करोड़ों रुपए के हिसाब की पर्चियां जब्त कीं।पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि इस कार्रवाई के पर्चियों में करोड़ों रुपए के लेनदेन की जानकारी मिली है। फिलहाल आगे कार्रवाई की जा रही है।

## भारत की जीत पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाया जश्न

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिला यूथ कांग्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार विश्व विजय पर जोरदार जश्न मनाया। रविवार रात सम्पन्न हुए फाइनल में भारत की जीत पर जोरदार आतिशबाजी की गई। युवा कांग्रेस के मोहित मल्होत्रा ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में देश ने विश्वगुरु की पदवी प्राप्त की है, जो न सिर्फ टीम के लिए गौरव का पल है बल्कि देश के लिए भी यह पल इतिहास बन गया है।उन्होंने कहा कि भारत ने अब तक कुल तीन बार (2007, 2024, 2026) टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने वर्ष 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पहला, 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में दूसरा और 2026 में लगातार दूसरी बार (और कुल तीसरी बार) टी20 विश्वकप जीता है। वहीं देश की महिला टीम ने भी विश्वकप जीतकर देश का नाम विश्व के मानचित्र पर ऊंचा किया है।



## सिद्ध जोगी ने तो कमाल कर डाला !

सन्तोष खाचरियावास

राजस्थान भी कमाल की धरती है। यहां पग पग पर पीर फकीर और जगह जगह जोगी मिल जाएंगे, जो कोसों दूर बैठे किसी की भी पीड़ा पढ़ सकते हैं।ऐसे ही एक सिद्ध जोगी हमारी विधानसभा में भी बिराजते हैं, नाम है रविन्द्र सिंह भाटी।बाड़मेर जिले के शिव विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय जीतकर विधानसभा में पहुंचे रविन्द्र सिंह भाटी की गिनती तेज तर्रार विधायकों में होती है। वे इतने सिद्ध हैं कि 400 किलोमीटर दूर से ही अजमेर में उड़ते गिद्धों के, पर गिन डाले,.. और अजमेर की सिद्ध आत्माएं मुंह ताकती रह गईं।



भाटी ने विधानसभा में अजमेर नगर निगम का फर्जी पट्टा प्रकरण, इतने पुरजोर तरीके से उठाया कि मंत्री झाबर सिंह खर्रा को अजमेर नगर निगम की डिप्टी कमिश्नर कीर्ति कुमावत सहित चार कार्मिकों को एपीओ करना पड़ा। मंत्री ने एडीएम सिटी से फर्जी पट्टा प्रकरण की जांच भी शुरू करा दी है। वैसे अजमेर में भी सिद्ध मठाधीश मौजूद हैं, लेकिन वे नगर निगम का घालमेल नहीं पकड़ पाए, या यूं कहें कि बरसों तक अपने ज्ञानचक्षु बंद कर बैठे रहे और उधर सरकारी जमीनों को गिद्ध नोंचते रहे।ऐसे में 400 किलोमीटर दूर बैठे भाटी को ब्रह्मास्त्र चलाना पड़ा। अब पूरा अजमेर अपने सिद्ध संतों की बजाय भाटी की चचार्एं कर रहा है। ...है ना कमाल की बात !






## ईरान में नए युग की शुरूआत: दिवंगत अली खामेनेई के बेटे मोजतबा ने संभाली कमान



तेहरान। ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के पुत्र मोजतबा खामेनेई को सोमवार को देश का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने आधिकारिक तौर पर इस फैसले की जानकारी साझा की है।ईरान में नेतृत्व के चयन के लिए उत्तरदायी संस्था असेंबली ऑफ एक्सपट्र्स (विशेषज्ञों की परिषद) ने उनके नाम पर मुहर लगाई। गौरतलब है कि यह परिषद 88 सदस्यीय एक शक्तिशाली धार्मिक संस्था है, जो पिछले कुछ समय से नए नेता के चयन की प्रक्रिया में जुटी थी।परिषद के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि युद्ध के अत्यंत गंभीर हालातों और हमारी संस्था के विरुद्ध शत्रुओं की सीधी धमकियों के बावजूद, इस्लामी व्यवस्था के नेतृत्व के चयन और उसकी घोषणा की प्रक्रिया एक पल के लिए भी नहीं रुकी। मोजतबा का जन्म आठ सितंबर 1969 को ईरान के मशहद शहर में हुआ था। वह अपने छह भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें लंबे समय से अपने पिता के उत्तराधिकारी और ईरानी सुरक्षा तंत्र के प्रभावशाली चेहरे के रूप में देखा जाता रहा है।

## सम्पादकीय

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे ह्यमाताह्न के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। ह्यमातृदेवो भवःह्न की वाणी से लेकर ह्यजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्न की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को ह्यमाताह्न कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है।

# पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई साढ़े छह किलो हेरोइन की खेप बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान में सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर के समेजा कोठी थाना क्षेत्र में रविवार को पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में ड्रोन के जरिए गिरायी गयी साढ़े छह किलो हेरोइन बरामद करके एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि देर रात चक 43-44 पीएस के सरसों के खेत में सीमा पार से ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट उठाते एक तस्कर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पकड़ लिया। उसके कब्जे से आठ पैकेट में करीब साढ़े छह किलो शुद्ध हेरोइन बरामद हुई। इसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 33 करोड़ रुपए है।पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति पंजाब का निवासी है। उसके साथ पंजाब से ही तीन चार अन्य तस्कर भी इस खेप को लेने के लिए सरसों के खेत पहुंचे थे, लेकिन एक किसान ने उन्हें देख लिया और तुरंत बीएसएफ की निकटवर्ती सीमा चौकी चक 41-पीएस को सूचना दे दी।

बीएसएफ जवानों ने तत्काल इलाका घेर लिया और आरोपी को आठ पैकेट हेरोइन के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जब आरोपी के साथी तस्करों ने देखा कि उनका साथी समय पर लौटकर नहीं आया तो उन्हें शक हो गया और वे अपनी गाड़ी में तुरंत भाग निकले।सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को करीब चार घंटे बाद दी। इस देरी का फायदा उठाकर पंजाब के बाकी तस्कर पहले ही फरार हो चुके थे। उसके बाद पुलिस, बीएसएफ और गुप्तचर एजेंसियों के संयुक्त दल ने पूरे क्षेत्र में तलाशी ऑपरेशन चलाया और नाकाबंदी भी की, लेकिन तब तक तस्कर दूर निकल चुके थे।सोमवार सुबह बीएसएफ, पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों के दल ने उस खेत और आसपास के सभी खेतों में छानबीन की, लेकिन कोई और पैकेट या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। पुलिस ने फिलहाल आरोपी का नाम एवं अन्य विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। मामले की जांच जारी है।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने टीम इंडिया की जीत पर दी बधाई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अनेक केन्द्रीय मंत्रियों ने रविवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में जीत के बाद भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और पूरे टूनार्मेंट में टीम के कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क की सराहना की।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार जीत हासिल करके इतिहास के कई शिखर छूने वाली भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। भारत को यह गौरव प्राप्त है कि वह तीन बार कप जीतने वाला एकमात्र देश है। साथ ही, यह लगातार दो बार कप जीतने वाली एकमात्र टीम भी है।उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप एक बार फिर जीतने और खिताब बरकरार रखने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई। फाइनल में ऐतिहासिक और शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत तीन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है, जो देश के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।उन्होंने कहा कि पूरी टीम, सहायक स्टाफ और लाखों प्रशंसकों को शुभकामनाएं, जिनके अटूट समर्थन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को संभव बनाया। देश इस गौरवशाली जीत का जश्न अपार गर्व के साथ मना रहा है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में खिलाड़ियों को चैंपियन बताया और कहा कि उनके प्रदर्शन ने देश को अपार गौरव दिलाया है। मोदी ने लिखा कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह उल्लेखनीय जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को दशार्ती है।उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान टीम के दृढ़ संकल्प की भी प्रशंसा की और कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट में असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री के अनुसार, इस जीत ने पूरे देश में जश्न का माहौल बना दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबाश, टीम इंडिया!वैश्विक टी20 टूनार्मेंट में भारत की जीत राष्ट्रीय टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और देश-विदेश के क्रिकेट प्रशंसकों ने इसका जमकर जश्न मनाया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा आयोजित इस टूनार्मेंट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेती हैं और इसे विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित खिताबों में से एक माना जाता है।इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने टीम इंडिया को क्रिकेट का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है।खरगे ने अपने बधाई संदेश में कहा कि टी20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड पर शानदार जीत के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। आज रात 140 करोड़ भारतीय बेहद गौरवान्वित हैं।कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ नेतृत्व किया। संजू सैमसन फाइनल के संकटमोचक बनकर उभरे, वहीं ईशान, किशन गुमनाम हीरो साबित हुए। उन्होंने टीम इंडिया के सितारे हार्दिक पांड्या, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और जसप्रीत बुमराह का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शानदार योगदान ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया। मैं पूरी टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।गांधी ने कहा कि एक बार फिर चैंपियन। हमारी भारतीय टीम के लिए यह एक शानदार जीत थी, जिसमें संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह के पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन का विशेष उल्लेख करना बनता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि घर पर ट्रॉफी बरकरार रखने और देश को एक और अविस्मरणीय पल देने के लिए टीम इंडिया को हार्दिक बधाई।इसके अलावा केन्द्रीय सहकारिता और गृहमंत्री अमित शाह ,वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भारतीय टीम को जीत की बधाई के साथ ही प्रतियोगिता के दौरान टीम के सामूहिक प्रदर्शन और दबाव में दृढ़ता की प्रशंसा की।

# चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर करने की घोषणा





चूरू। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत साहस का प्रदर्शन करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखने की घोषणा की है।शर्मा रविवार को चूरू के जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां गांवों में कोई न कोई ऐसा परिवार है जिसने सेना की वर्दी पहनी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे आजीवन राष्ट्रहित और समाजहित के लिए निरन्तर कार्य करते हैं। उनका त्याग और बलिदान से पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने कहा कि चूरू और शेखावाटी की धरती ने देशप्रेम के भाव को सदैव जीवंत रखा है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ जैसे वीर सपूतों ने राजस्थान का गौरव बढ़ाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक प्रमुख विश्व शक्ति बन कर उभर रहा है। भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन पराक्रम, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।शर्मा ने कहा कि वीर सपूतों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वीर नारियों और वीरांगनाओं का त्याग भी हमारे लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। इसी कड़ी में, घर-घर जाकर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों से संवाद किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स का चरणबद्ध निर्माण कर रही है। इन कॉम्पलेक्सेज में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, युद्ध स्मारक, सैनिक कैंटीन, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।प्रथम चरण में 36 करोड़ रुपए की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनूं में इन कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और झुंझुनूं में 'वॉर म्यूजियम' की स्थापना भी की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिक और उनके परिवारों को सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट देने के साथ ही, नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भी खोले जा रहे हैं।विभिन्न विभागों में रेक्सको के माध्यम से नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में पिछले 2 साल में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को मिलने वाली पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रतिमाह की गई है।इस अवसर पर सप्तशक्ति कमान के सेना कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि फौजी कभी अकेला नहीं रहता, इसी उद्देश्य को लेकर गौरव सैनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह आपसी जुड़ाव और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक्स सर्विसमैन सैकण्ड लाइन ऑफ डिफेंस के रूप में कार्य करते हैं।शर्मा ने इस दौरान पूर्व सैनिकों का सम्मान किया और नियुक्ति पत्र सौंपे और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बांसवाड़ा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक कोष कार्यालय 10000 रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट



बांसवाड़ा। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को बांसवाड़ा में कोष कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिलन भट्ट एवं बांसवाड़ा तहसील कार्यालय में वरिष्ठ सहायक कचरू कटारा को एक मामले में 10 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।ब्यूरो के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार परिवादी ने ब्यूरो की एसीबी बांसवाडा इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि ई मित्र के माध्यम से जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था। आवेदन पत्र में पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर बताकर तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कचरू कटारा द्वारा परिवादी को धमका कर उसके विरूद्ध पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने का डर दिखा कर परिवादी से रिश्वत राशि की मांग की जा रही थी जिस पर गत 26 एवं 27 फरवरी को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराया गया जिसमें श्री कटारा द्वारा 10 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग की गई।इस पर ब्यूरो टीम ने योजनाबद्ध ढंग से जाल बिछाते हुए श्री कटारा द्वारा 10 हजार रुपए की रिश्वत परिवादी से ग्रहण कर अपने परिचित एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिलन भट्ट को दिए जाने के बाद रिश्वत की राशि बरामद कर कटारा और भट्ट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के निवास की भी तलाश जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में उद्योगपति बल्लभ महेश्वरी की मौत



अलवर। राजस्थान में रैणी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार को एक कार के डिवाइडर से टकराने से एक उद्योगपति की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुन समूह के प्रबंध निदेशक बल्लभ महेश्वरी अपनी बीएमडब्ल्यू कार से जयपुर से उत्तर प्रदेश के गिर्राज जी जा रहे थे। शाम को अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए बैरिकेट तोड़कर चैनल 136.8 के पास मीडियन में घुस गई और पुलिया की दीवार से जा टकराई। इससे श्री महेश्वरी घायल हो गए।सूत्रों ने बताया कि उन्हें निकटवर्ती सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें अलवर भेज दिया गया। अलवर के निजी अस्पताल में देर शाम उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार को चालक चला रहा था, लेकिन उसे किसी भी तरह की चोट नहीं आई। दुर्घटना की सूचना के बाद परिजन अलवर पहुंचे और रविवार की रात को ही शव को जयपुर ले गए।

## आबादी क्षेत्र में मंडरा रहे बाघ को वापस जंगल में पहुंचाया

भरतपुर। राजस्थान में रणथंभौर बाघ अभयारण्य से निकल कर पिछले कई दिनों से आबादी क्षेत्र के नजदीक इलाकों में दहशत का सबब बने बाघ आरबीटी - 2407 को वन विभाग दल ने सोमवार देर शाम ट्रेंकुलाइज करके जंगल में छोड़ दिया।वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को होटल नारगढ़ के पास वन विभाग की नर्सरी में पहुंचने के बाद रात के अंधेरे में जंगल का रुख करने वाले बाघ आरबीटी-2407 ने सोमवार सुबह होते ही रामसिंहपुरा गांव खेतों में पहुंचकर हड़कंप मचा दिया। बाघ को खेतों में घूमता देख लोगों में दहशत का माहौल बन गया।सूचना मिलने के बाद वन विभाग का दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद बाघ को ट्रेंकुलाइज किया। ट्रेंकुलाइज करने के बाद पशु चिकित्सकों के दल ने बाघ की जांच की। इसके बाद उसे रेडियो कॉलर लगाकर जंगल में छोड़ दिया गया। बाघ आरबीटी-2407 रणथंभौर का एक युवा बाघ है।

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक : दिया कुमारी



जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अधिवक्ता परिषद राजस्थान, जयपुर प्रांत की हाईकोर्ट इकाई की ओर से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट परिसर स्थित सतीश चंद्र सभागार में महिला सशक्तीकरण में कानून की भूमिकाः राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदर्भ में विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में न्याय, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान करती है।उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और न्यायिक क्षेत्र में उनकी बढ़ती भागीदारी न केवल राष्ट्र की प्रगति का सूचक है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता को और अधिक मजबूत बनाती है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए उन्हें महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनती हैं, तो समाज में व्यापक और समावेशी विकास के मार्ग प्रशस्त होते हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री हारीबोरिकर ने महिलाओं की आजादी के बाद से लेकर आज तक विभिन्न क्षेत्रों में निभाई जा रही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है और वे राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा का अभिन्न अंग हैं।इस अवसर पर एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, भारत सरकार भरत व्यास, एडिशनल एडवोकेट जनरल, राजस्थान माही यादव, कोटा पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल परसवाल, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल, प्रांत महामंत्री अभिषेक, उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन और महामंत्री धर्मेंद्र बराला ने भी विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण महिला अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह रहा। इस दौरान न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 35 से अधिक महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन महिलाओं के प्रोत्साहन का प्रतीक था, जो कानून के शासन को मजबूत करने और समाज में न्याय की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन हाईकोर्ट इकाई की मंत्री मीनल भार्गव और कार्यकारिणी सदस्य गुंजन चावला ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

## राष्ट्र को ऊंचाइयां प्रदान कराने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण - मधु पाटनी



अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर की सरावगी मोहल्ला इकाई के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर समारोह में समिति संरक्षक निर्मला पांड्या, कमला देवी सोनी सहित 75 वर्ष से अधिक उम्र की वरिष्ठ सदस्याओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर, साड़ी ओढ़ाकर सम्मान करते हुए उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

समारोह में सरावगी मोहल्ला इकाई की सदस्याओं ने राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्व सहयोग देने वाली झांसी की रानी का रूप हीरामणि, डॉक्टर का रूप हिना काला, अधिवक्ता का रूप प्रतिभा दोषी, शिक्षिका का रूप नविता बाकलीवाल, आयरन लेडी इंद्रा पाटनी, सुरक्षा कर्मी अर्पणा जैन, माडल आकृति जैन ने, पार्श्व गायिका किरण गोधा, क्रिकेटर आयुषी जैन एवं माता का रूप अंकिता कासलीवाल ने धारण करके विशेष प्रतुति दी।इस अवसर पर समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने कहा कि आज के युग में महिला गृहस्थी के साथ हर क्षेत्र में अपना सहयोग देते हुए पुरुषवर्ग को सहयोग दे रही है एवं राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाए हुए है। युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा एवं इकाई अध्यक्ष किरण गोधा ने समारोह की आयोजक इकाई सदस्याओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री रिंकू कासलीवाल, सुषमा पाटनी, कोषाध्यक्ष रेनू पाटनी, मंजू गंगवाल सहित समिति की अनेक सदस्याएं मौजूद रही।






## PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana – Solar Suryodaya Scheme Aims to Power Millions of Indian Homes



New Delhi: The Government of India is accelerating its push toward clean energy through the Solar Suryodaya Scheme, a major initiative designed to promote rooftop solar installations across the country. The scheme aims to reduce electricity costs for households while encouraging the adoption of renewable energy.Under this initiative, the government plans to provide financial assistance and subsidies to residential consumers installing rooftop solar panels. The scheme is part of India's broader mission to increase renewable energy capacity and reduce dependence on conventional power sources.According to officials, the program targets the installation of rooftop solar systems in millions of households, especially benefiting middle-class and low-income families. By generating electricity directly from solar panels installed on rooftops, households can significantly reduce their monthly electricity bills.The Solar Suryodaya Scheme is closely aligned with the government's PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana, launched earlier to encourage households to adopt solar energy and receive up to 300 units of free electricity per month through rooftop solar generation.Experts say the initiative will also help India achieve its ambitious renewable energy goals and reduce carbon emissions. Increased adoption of rooftop solar systems will reduce pressure on the national power grid and promote sustainable development.In addition to lowering electricity costs, the scheme is expected to create new employment opportunities in the solar installation, maintenance, and manufacturing sectors.Citizens interested in applying for the scheme can register through the official government portal and choose authorized vendors for installing rooftop solar panels.The government believes that the Solar Suryodaya Scheme will play a key role in transforming India's energy landscape and moving the country closer to a greener and more self-reliant future.

# अजमेर मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऑल वुमेन स्टॉफ ट्रेन का संचालन

अजमेर। महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तीकरण और महिला कार्मिकों के प्रति सम्मान के लिए रविवार को अजमेर मंडल पर ट्रेन नंबर 19735 जयपुर-मारवाड़ जंक्शन एक्सप्रेस का संपूर्ण संचालन अजमेर -मारवाड़ खंड पर महिला- क्रू, गार्ड, चेकिंग स्टाफ व आरपीएफ स्टाफ द्वारा किया गया।



मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा तथा उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, अजमेर मंडल की अध्यक्षा रिंकल भूतड़ा ने अजमेर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 6 पर पहुंचकर ट्रेन का संचालन करने वाली महिला कार्मिकों को माला पहनना कर सम्मानित किया और इस प्रकार के नवाचार को महिलाओं के प्रति सम्मान और प्रेरणा बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भारती भारद्वाज, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव सहित अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

ट्रेन संचालन लोको पायलट सुनैना तंवर, सहायक लोको पायलट प्रीति सुनादिया, ट्रेन मैनेजर माधुरी जोशी, चेकिंग स्टॉफ दीपमाला परमार सीटीआई, प्रीति पारीक डिप्टी सीटीआई, हिमांशी सांखला सीनियर सीसीटीसी, रेल सुरक्षा बल-सब इंस्पेक्टर चंचल शेखावत, हेड कांस्टेबल सुशीला और कांस्टेबल पूनम व रीना द्वारा उत्साह व सफलतापूर्वक किया गया। ट्रेन संचालन करने वाली महिला कर्मियों ने इस अवसर पर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

## राजस्थान में अब दो से अधिक संतान के माता-पिता भी पंचायती राज संस्थाओं के लड़ सकेंगे चुनाव

जयपुर। राजस्थान में दो से अधिक संतान के माता पिता भी अब राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। राज्य विधानसभा में इस बाबत लाए गए राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक-2026 को सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 19 के तहत किसी व्यक्ति के दो से अधिक बच्चे होने पर उसकी पंचायती राज संस्थाओं का सदस्य बनने की पात्रता समाप्त करने का फैसला लिया गया था।उस समय तेज जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करना मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि महिलाओं में शिक्षा के प्रसार एवं समाज में आई जागरूकता के कारण आज जनसंख्या वृद्धि दर में उल्लेखनीय कमी आई है जिससे वर्तमान परिपेक्ष्य में वह नियम अप्रासंगिक हो गया है।उन्होंने कहा कि दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने की पात्रता समाप्त होने के प्रावधान में संशोधन से जो योग्य व्यक्ति दो से अधिक बच्चे होने के कारण पंचायती राज संस्था का सदस्य नहीं बन सकते थे, उन्हें अब चुनावों में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा।दिलावर ने कहा कि राजकीय कर्मचारियों के लिए दो से अधिक बच्चे होने पर पदोन्नति नहीं मिलने का प्रावधान भी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया था।





## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा की एक अदालत ने हत्या के आरोपी को सोमवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पीठासीन अधिकारी अमित कुमार ने अभियुक्त राकेश गुर्जर को प्रभुलाल की हत्या का दोषी मानते हुए उस पर जुमार्ना भी किया।मामले के अनुसार वर्ष 2019 में अभियुक्त राकेश गुर्जर ने पारिवारिक सम्पत्ति के विवाद को लेकर प्रभुलाल को अपने साथियों के साथ कुल्हाड़ियों और लाठियों से वार करके हत्या कर दी थी।

## बालिका से अश्लील हरकत करने के दोषी को 5 वर्ष का कठोर कारावास

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर के यौन अपराध बाल संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम मामलों के विशेष न्यायालय ने एक बालिका से अश्लील हरकतें करने के आरोपी युवक को सोमवार को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।




रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर सेन्टर रूल्स 1956 के अनुसार

**'सबगुरु न्यूज'**

समाचार पत्र के स्वामित्व व अन्य विवरण का ब्यौरा

प्रपत्र-4

(देखिये नियम-8)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | - | कार्यालय 6/12, बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर |
| 2. प्रकाशन अवधि | - | पाक्षिक |
| 3. मुद्रक का नाम | - | इंडिया ऑफसेट |
| क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| 4. मुद्रणालय का नाम | - | किशन गुप्ता 419 ब्रह्मपुरी जयपुर रोड अजमेर |
| 5. प्रकाशक का नाम | - | विजय सिंह |
| क्या भारत के नागरिक है | - | हां |
| पता | - | कार्यालय 6/12, बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर |
| 6. सम्पादक का नाम | - | विजय सिंह |
| क्या भारत के नागरिक है | - | हां |
| पता | - | कार्यालय 6/12, बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर |
| 7. उन सभी व्यक्तियों का नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो | - | विजय सिंह कार्यालय 6/12, बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर (राज.) कोई नहीं |

मैं विजय सिंह एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिया गया विवरण सत्य है।

दिनांक 10.3.2026

विजय सिंह
प्रकाशक के हस्ताक्षर

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)